संख्या ई-12015/1/2013-हिंदी
भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

'ए' विंग, पांचवां तल, शास्त्री भवन,
डा. आर. पी. रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक 22 मई, 2015

कार्यालय ज्ञापन

विषयः हिंदी में मौलिक पुस्तक लेखन के लिए राजभाषा पुरस्कार शुरू किए जाने के बारे में

राजभाषा विभाग द्वारा **केंद्र सरकार के कार्मिकों द्वारा हिंदी में मौलिक पुस्तक लेखन के लिए राजभाषा गौरव पुरस्कार** तथा **भारत के नागरिकों द्वारा हिंदी में ज्ञान-विज्ञान मौलिक पुस्तक लेखन के लिए राजभाषा गौरव पुरस्कार** शुरू किया गया है। राजभाषा नीति के बेहतर कार्यान्वयन को प्रोत्साहित करने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा का.ज्ञा.सं. II/2013/2/85-रा.भा. (क.2) दिनांक 30.07.1986 का अधिक्रमण करते हुए वित्तीय वर्ष 2015-16 से नई पुरस्कार योजना, **राजभाषा कीर्ति पुरस्कार** शुरू की गई है। इस संबंध में राजभाषा विभाग द्वारा जारी संकल्प सं. 11034/48/2014-रा.भा. (नीति) दिनांक 29 अप्रैल, 2015 और संकल्प संख्या. 11034/48/2014-रा.भा. (नीति) दिनांक 24 अप्रैल, 2015 राजभाषा विभाग को वेबसाइट पर http://rajbhasha.nic.in/UI/CircularsandOrders.aspx लिंक पर उपलब्ध है।

2. कृपया इस संबंध में अपने कार्यालय के कर्मचारियों/सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अवगत कराएं और हिंदी में मौलिक पुस्तक लेखन को प्रोत्साहित करने के लिए उपयुक्त उपाय करें।

(बी.एल. वर्मा)
संयुक्त निदेशक (रा.भा.)
दूरभाष : 011 - 2332 1288

सेवा में,

1. कारपोरेट कार्य मंत्रालय के सभी अधीनस्थ कार्यालय के कार्यालय प्रमुख।
2. ई गवर्नेंस प्रकोष्ठ को मंत्रालय की वेबसाइट पर हिंदी संबंधी अनुदेश के तहत अपलोड करने हेतु।

प्रतिलिपि सूचनार्थः अवर सचिव (नीति), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार।